## देश में प्राथमिक विद्यालय

1756. **श्री राम नरेश यादव : क्या मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1986–87 में राज्यवार कुल कितने प्राथमिक विद्यालय आरम्भ किए गए ;

(ख) ऐसे कितने प्राथमिक विद्यालय हैं जिनके भवन नहीं हैं और ऐसे सभी स्कूलों का सरकार कब तक भवन उपलब्ध कराने का विचार रखती है ; और

(ग) 1986–87 और 1987–88 में उपर्युक्त कार्यों पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) :** (क) इस मंत्रालय में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 30 सितम्बर, 1985 से 30 सितम्बर, 1986 के बीच खोले गये प्राथमिक स्कूलों की संख्या 9385 थी । राज्यवार विवरण संलग्न है (नीचे देखिये) ।

(ख) और (ग) प्राइमरी स्कूलों की संख्या जिनके 30–9–86 तक की यथा स्थिति के अनुसार अपने भवन नहीं थे, के पांचवें अखिल भारतीय शैक्षणिक सर्वेक्षण में आंकड़े एकत्र किए गए हैं और उनका संकलन किया जा रहा है । "आपरेशन ब्लैकबोर्ड" योजना जिसे 1987–88 में आरंभ किया गया है के अन्तर्गत सभी प्राथमिक स्कूलों में सुविधाओं में सुधार करने के लिए राज्य सरकारों से आशा है कि वे एन० आर० ई० पी० आर० एल० ई० जी० पी० और अन्य स्रोतों से निधियां उपलब्ध करके चरणबद्ध तरीके में 1990 तक प्रत्येक प्राइमरी स्कूल को न्यूनतम अनिवार्य भवन के रूप में सभी मौसमों में काम आने वाले कमरों वाला एक भवन उपलब्ध कराएंगे । इस क्रियाकलाप राज्यों द्वारा किए गए व्यय का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है ।

## विवरण

| क्रम सं० | राज्य/संघ शासित प्रदेश का नाम | 30-9-85 से 30-9-86 तक खोले प्राइमरी स्कूलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2245 |
| 2. | असम | — |
| 3. | बिहार | 73 |
| 4. | गुजरात | 50 |
| 5. | हरियाणा | 53 |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | 62 |
| 7. | जम्मू और कश्मीर | 406 |
| 8. | कर्नाटक | .. |
| 9. | केरल | .. |
| 10. | मध्य प्रदेश | 2444 |
| 11. | महाराष्ट्र | 1000 |
| 12. | मणिपुर | .. |
| 13. | मेघालय | 5 |
| 14. | नागालैंड | .. |
| 15. | उड़ीसा | 1000 |
| 16. | पंजाब | .. |
| 17. | राजस्थान | 549 |
| 18. | सिक्किम | 12 |
| 19. | तमिलनाडु | 150 |
| 20. | त्रिपुरा | .. |
| 21. | उत्तर प्रदेश | 222 |
| 22. | पश्चिम बंगाल | 1000 |
| 23. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 3 |
| 24. | अरुणाचल प्रदेश | 53 |
| 25. | चंडीगढ़ | .. |
| 26. | दादरा व नागर हवेली | .. |
| 27. | दिल्ली | 57 |
| 28. | गोवा, दमण और दीव | .. |
| 29. | लक्षद्वीप | 1 |
| 30. | मिजोरम | .. |
| 31. | पांडिचेरी | .. |
| | कुल | 938 |